DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 1 मार्च 2026 --DATED---

# नए सिरे से मिलेंगे कर्मयोगी आवास योजना के डिमांड कम अलॉटमेंट लेटर

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पार्किंग की कीमतें फ्लैट्स की कुल कीमत में ही शामिल करने का नियम लागू होने के बाद अब डीडीए कर्मयोगी आवास योजना के तहत रिवाइज्ड डिमांड कम अलॉटमेंट लेटर जारी कर रहा है। हालांकि, इन लेटर में सिर्फ कीमतों को रिवाइज्ड किया जा रहा है। बाकी सभी शर्तें और मूल्य चुकाने की समय सीमा में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है।

**इन लेटर में सिर्फ कीमतों को ही रिवाइज्ड किया जा रहा है**

डीडीए के मुताबिक 12 फरवरी 2026 को लेटर जारी होन के बाद यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीडीए ने फैसला किया है कि डीडीए कर्मयोगी आवास योजना के सभी फ्लैट्स लेने वालों को नए नियमों के तहत फ्लैट्स के रेट रिवाइज कर नए सिरे से डिमांड कम अलॉटमें लेटर जारी किया जाएगा। इन डिमांड लेटर में अलग से पार्किंग की कीमत नहीं लगाई जाएगी बल्कि फ्लैट के कुल मूल्य में ही यह शामिल रहेगी।

AI Image



■ पार्किंग की कीमतें फ्लैट्स की कुल कीमत में ही शामिल होने के बाद नए नियम के रेट से मिलेंगे डिमांड लेटर

■ डीडीए के मुताबिक 12 फरवरी 2026 को लेटर जारी होने के बाद यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है

इससे अधिकांश फ्लैट्स की कीमतें काफी कम हो रही हैं। रिवाइज्ड डिमांड लेटर डीडीए की आधिकारिक आवास पोर्टल http://eservices.dda.org.in पर अपलोड किए जा रहे हैं। उपभोक्ता इन्हें यहीं से डाउनलोड कर सकते हैं।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, रविवार, 1 मार्च 2026

## टावरिंग हाइट्स में 701 फ्लैटों की बुकिंग शुरू

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने टावरिंग हाइट्स कड़कड़डूमा आवासीय योजना 2026 के तहत 701 टू-बीएचके फ्लैटों की बुकिंग शुरू कर दी है। आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' आधार पर होगा। वेबसाइट eservices.dda.org.in पर आवेदन कर सकते हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- **दैनिक जागरण** नई दिल्ली, 2 मार्च, 2026 ---------DATED--------------------

# पार्कों और खेल परिसरों में विज्ञापनों से भी कमाई करेगा डीडीए

संजीव गुप्ता • जागरण

**नई दिल्ली**: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी आय बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण अब अपने अधीन आने वाले सार्वजनिक पार्कों, खेल परिसरों, सामुदायिक भवनों और गोल्फ कोर्स जैसे बुनियादी ढांचों का उपयोग विज्ञापन के लिए करने की योजना बना रहा है। इस पहल के जरिये डीडीए विस्तृत एसेट पोर्टफोलियो से अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करना चाहता है।

इसके लिए डीडीए ने एक ई-टेंडर जारी किया है। इससे पेशेवर सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। यह सलाहकार बाजार का आकलन करेगा और इन चिह्नित स्थानों पर नियंत्रित आउटडोर व इनडोर विज्ञापन के लिए एक विस्तृत राजस्व योजना तैयार करेगा। चुनी गई




सराय काले खां इलाके में स्थित बांसेरा पार्क • सौजन्यः डीडीए

एजेंसी विज्ञापन के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने के लिए साइट सर्वे और जीआइएस मैपिंग करेगी। इन स्थानों का चयन करते समय सड़क से दृश्यता, पैदल चलने वालों की संख्या, सुरक्षा, संरचनात्मक व्यवहार्यता और पर्यावरणीय संवेदनशीलता जैसे कारकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। डीडीए अधिकारियों के अनुसार, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'प्राइस डिस्कवरी रिपोर्ट' तैयार की जाएगी, जो विज्ञापन दरों के निर्धारण की कार्यप्रणाली स्पष्ट करेगी। इस परियोजना की दीर्घकालिक व्यवहार्यता के लिए पांच से 10 वर्षों के वित्तीय अनुमान भी तैयार किए जाएंगे। अनुबंध फाइनल होने के बाद सलाहकार अगले तीन महीनों तक विज्ञापन एजेंसियों की नियुक्ति व क्रियान्वयन की निगरानी में डीडीए की सहायता करेगा।

**विज्ञापन के लिए ये प्रारूप शामिल**

- वाल-माउंटेड पैनल
- पोल-माउंटेड संरचनाएं
- बैकलाइट इकाइयां
- डिजिटल स्क्रीन
- फ्री-स्टैंडिंग डिस्प्ले
- पारदर्शिता और भविष्य की योजना

## कर्मयोगी आवास योजना के मांग सह आवंटन पत्र नए सिरे से जारी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली**: पार्किंग की कीमतें फ्लैट की कुल कीमत में ही शामिल करने का नियम लागू होने के बाद अब डीडीए कर्मयोगी आवास योजना के तहत नए सिरे से मांग सह आवंटन पत्र जारी कर रहा है, हालांकि इस पत्र में सिर्फ कीमतों को ही बदला जा रहा है। सभी शर्तें और मूल्य चुकाने की समयसीमा में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है।

डीडीए के मुताबिक, 12 फरवरी को नए नियमों का पत्र जारी होने के बाद यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीडीए ने फैसला किया है कि डीडीए कर्मयोगी आवास योजना के फ्लैट लेने वाले सभी आवेदकों को नए नियमों के तहत फ्लैट की कीमत में बदलाव कर नए सिरे से मांग सह आवंटन पत्र जारी होंगे। इसमें पार्किंग की कीमत अलग से नहीं लगाई जाएगी, बल्कि फ्लैट के कुल मूल्य में ही शामिल रहेगी।

नए सिरे से तैयार मांग सह आवंटन पत्र डीडीए की आधिकारिक आवास पोर्टल http://eservices.dda. org.in पर अपलोड किए जा रहे हैं। आवेदक इन्हें यहीं से डाउनलोड कर सकते हैं।

**हिन्दुस्तान**
नई दिल्ली, सोमवार, 2 मार्च 2026

## डीडीए द्वारका में दो नए खेल परिसर बनाएगा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली के द्वारका में अगले छह महीने में दो उत्कृष्टता केंद्र शुरू करने की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने योजना बनाई है। इसमें टेनिस और शूटिंग के लिए द्वारका सेक्टर-19 में उत्कृष्टता केंद्र खुलेगा।

फुटबॉल और हॉकी के लिए द्वारका सेक्टर-23 में इसका निर्माण किया जाएगा। इन सभी केंद्रों में छात्रों व युवाओं को खेलों से जुड़ी कई सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। छात्रों को इन केंद्रों में निशुल्क कोचिंग देने की सुविधा होगी। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि डीडीए प्रशासन राजधानी में खेल के बुनियादी ढांचों को मजबूत करने की दिशा में कई काम कर रहा है। इसमें छात्रों को सहूलियत होगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE
NAME OF NEWSPAPERS--- Pioneer
NEW DELHI | SATURDAY | FEBRUARY 28, 2026

# DDA sign MoU with NBCC for redevelopment of Old Rajinder Nagar & Safdarjung

**PIONEER NEWS SERVICE**
New Delhi

The Delhi Development Authority (DDA) on Thursday signed a Memorandum of Understanding (MoU) with NBCC (India) Limited for the redevelopment of old staff quarters in Old Rajinder Nagar and Safdarjung Development Area with an estimated cost of ₹775 crore. The project will be undertaken in accordance with the provisions of Delhi Master Plan 2021.

Under the agreement, NBCC will be responsible for executing the redevelopment works as part of efforts to optimise land use and upgrade existing housing infrastructure.

In a statement on Friday, NBCC said that it has signed two separate MoU with the DDA for the comprehensive redevelopment of DDA staff quarters located at Old Rajinder Nagar (ORN) and Safdarjung Development Area (SDA), New Delhi. The redevelopment will be implemented on a self-sustainable model.

The MoUs were signed in the presence of N Saravana Kumar, Vice Chairman, DDA and K P Mahadevaswamy, CMD, NBCC. The MoUs entail the development of a built-up area of 1.66 lakh sq metre in both the projects at a total



project cost of close to ₹775 crore. Currently, 117 dwelling units at Old Rajinder Nagar and 152 dwelling units at Safdarjung Development area are being utilised as staff quarters by DDA.

NBCC would act as Project Management Consultant and Implementing Agency for execution of the projects from concept to commissioning. "The redevelopment will follow a self-sustainable model wherein a portion of the developed built-up area will be sold through a transparent process, and the proceeds will be utilised to finance the project, while the remaining built-up area, as decided by DDA, will be handed over for staff use," the statement said.

NBCC's scope of work will include comprehensive master planning of about 4 hectares at each location, preparation of DPR with detailed cost and revenue models, obtaining statutory approvals in compliance with MPD-2021 and CPWD norms, detailed architectural and engineering design, tendering and EPC-based construction, third-party quality audits, and completion and commissioning of the projects.

N Saravana Kumar, Vice Chairman, DDA, expressed confidence that NBCC will create a new benchmark by delivering world-class architecture and state-of-the-art amenities across Delhi.

Speaking on the occasion, CMD, NBCC stated that the signing of the MoUs mark an important step towards sustainable urban redevelopment and optimisation of valuable land assets in the national capital.

He expressed confidence that the projects at Old Rajinder Nagar and Safdarjung Development Area will create modern residential ecosystems while maintaining financial prudence through a structured self-sustaining model.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE
NAME OF NEWSPAPERS

दैनिक भास्कर
नई दिल्ली, शनिवार
28 फरवरी, 2026

रीडेवलपमेंट• दो अलग एमओयू पर हस्ताक्षर

# एनबीसीसी डीडीए क्वार्टर का करेगी पुनर्विकास



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

राजधानी में स्टाफ क्वार्टरों के पुनर्विकास के लिए एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने शुक्रवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ दो अलग-अलग समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत दिल्ली की दो कॉलोनियों ओल्ड राजिंदर नगर (ओआरएन) और सफदरजंग डेवलपमेंट एरिया (एसडीए) में डीडीए के स्टाफ क्वार्टरों का करीब 775 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से पुनर्विकास किया जाएगा।

यह डीडीए के साथ एनबीसीसी की पहली रीडेवलपमेंट पहल है। इस परियोजनाओं के तहत करीब 1.66 लाख वर्गमीटर बिल्ट-अप एरिया विकसित किया जाएगा। इसमें ओआरएन में लगभग 1 लाख वर्गमीटर (438 करोड़ रुपए) और एसडीए में लगभग 66 हजार वर्गमीटर (337 करोड़ रुपए) शामिल हैं। एमओयू पर डीडीए के कमिश्नर (हाउसिंग) कुणाल कश्यप और सीजीएम (इंजीनियरिंग) अनिल कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर डीडीए के वाइस चेयरमैन एन. सरवण कुमार और एनबीसीसी के सीएमडी केपी महादेवस्वामी सहित दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

डीडीए ने इस रीडेवलपमेंट को एमपीडी-2021 और संबंधित नीतिगत प्रावधानों के तहत स्वीकृति प्रदान की है। परियोजना को सेल्फ-सस्टेनेबल मॉडल पर लागू किया जाएगा, जिसके तहत विकसित क्षेत्र का एक हिस्सा पारदर्शी प्रक्रिया से बेचा जाएगा और उससे प्राप्त राजस्व से परियोजना को वित्तपोषित किया जाएगा, जबकि शेष क्षेत्र डीडीए द्वारा निर्धारित स्टाफ उपयोग के लिए सुरक्षित रहेगा। वर्तमान में ओआरएन में 117 और एसडीए में 152 आवासीय इकाइयां डीडीए स्टाफ क्वार्टर के रूप में उपयोग में हैं। पुराने ढांचों को आधुनिक, सुव्यवस्थित और उन्नत बुनियादी ढांचे से युक्त आवासीय परिसरों में परिवर्तित किया जाएगा।

पंजाब केसरी
DELHI
28 फरवरी, 2026 ▶ शनिवार

# डीडीए ने एनबीसीसी के साथ किया एमओयू आत्मनिर्भर मॉडल पर लागू होगी परियोजना



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): नई दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर और सफदरजंग विकास क्षेत्र स्थित डीडीए स्टाफ क्वार्टरों का व्यापक पुनर्विकास किया जाएगा। इसको लेकर एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ दो अलग-अलग समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पुनर्विकास को एमपीडी-2021 और पुनर्विकास योजनाओं की नीति के प्रावधानों के तहत डीडीए द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसे आत्मनिर्भर मॉडल पर लागू किया जाएगा। समझौता ज्ञापनों पर डीडीए के आयुक्त (आवास) कुणाल कश्यप और सीजीएम (इंजीनियरिंग) अनिल कुमार ने डीडीए के उपाध्यक्ष एन. सरवाना कुमार और एनबीसीसी के सीएमडी केपी महादेवस्वामी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। डीडीए और एनबीसीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

डीडीए अधिकारियों ने बताया कि समझौता ज्ञापनों के तहत दोनों परियोजनाओं में करीब 1.66 लाख वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र का विकास किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 775 करोड़ रुपये है। परिकल्पित निर्मित क्षेत्र अभी अस्थायी है और विस्तृत सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुमोदन के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS

पंजाब केसरी
दिल्ली, रविवार
1 मार्च 2026

# कर्मयोगी योजना की बुकिंग प्रकिया 31 मार्च तक रहेगी जारी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली में डीडीए की ओर से कर्मयोगी आवास योजना की बुकिंग प्रकिया 31 मार्च तक जारी रहेगी। इसमें पहले चरण में नरेला के सेक्टर ए1 से ए4 पॉकेट नौ में तैयार कुल 1168 फ्लैट के लिए सभी कार्यरत सरकारी कर्मचारी, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे। इसमें सरकारी कर्मचारियों को फ्लैटों पर 25 फीसदी छूट मिलेगी। इसमें वन बीएचके के 320 फ्लैट, टू बीएचके के 576 फ्लैट और थ्री बीएचके के 272 फ्लैट्स शामिल हैं।डीडीए अधिकारियों के अनुसार आमतौर पर फ्लैट बुक करवाने के 24 घंटों में डिमांड कम अलाटमेंट लेटर जारी कर दिया जाता है। यह ऑनलाइन ही जारी होगा। इसकी जानकारी आवेदक को एसएमएस और ईमेल के जरिए दी जाएगी। योजना में कुल 1168 फ्लैट हैं। वन बीएचके फ्लैट की कीमत छूट के बाद 34.03 से 34.26 लाख रुपये, टू बीएचके की कीमत 79.81 से 88.16 लाख और थ्री बीएचके की कीमत 1.14 से 1.27 करोड़ रुपये है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- Hindustan Times
NEW DELHI
TUESDAY
MARCH 03, 2026

# DDA: REVISED LETTERS ISSUED FOR KARMAYOGI AWAAS YOJANA

**HT Correspondent**
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) on Monday said revised demand-cum-allotment letters (DALs) have been issued for the Karmayogi Awaas Yojana 2025 after exclusion of parking area cost.

DDA Karmayogi Awaas Yojana 2025 offers a limited time opportunity for serving and retired employees of central and state governments, public sector undertakings and banks, local bodies, autonomous bodies and government universities to own homes in a planned residential environment.

The scheme provides flats at 25% discount across all categories, allows ownership of other properties without restriction, and follows a first come, first served basis. The sale of 1 BHK, 2 BHK and 3 BHK flats located in Pocket 9, Sector A1-A4, Narela, is being carried out on DDA's awaas portal.

"DALs have been issued. The parking area cost has been excluded as per office order dated February 12. Allottees must complete payment within the stipulated time to avoid interest charges," DDA said.

The scheme will remain open till March 31, 2026.

# NBCC signs two landmark MoUs with the DDA



NBCC (India) Limited signed two separate Memorandum of Understanding (MoU) with the Delhi Development Authority (DDA) for the comprehensive redevelopment of DDA Staff Quarters located at Old Rajinder Nagar (ORN) and Safdarjung Development Area (SDA), New Delhi.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— millenniumpost
NEW DELHI | TUESDAY, 3 MARCH, 2026

# DDA to host Lt Governor's Cup at Qutab Golf Course

*Five-day tournament to conclude with special Saturday gala evening; fees announced*

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** The 26th edition of the Lt. Governor's Cup 2026 is set to tee off this month at the Delhi Development Authority's Qutab Golf Course, inviting golf enthusiasts from across the Capital to participate in the prestigious tournament.

According to an official announcement by the DDA, the tournament will be held over two phases March 13 to 15 and March 20 to 21 at the scenic DDA Qutab Golf Course. The event will be conducted on a first-come, first-serve basis, with limited slots available.

> With limited entries and growing interest, early registration is expected to ensure a full field for the much-anticipated cup

The Lt. Governor's Cup has over the years emerged as a prominent fixture in Delhi's sporting calendar, drawing both seasoned players and emerging talent. Organisers said the tournament aims to promote competitive golf while fostering sporting camaraderie among participants.

The registration fee for members has been fixed at ₹1,100. For non-members, the fee varies depending on the day of participation ₹5,100 for Friday golf, ₹6,500 for Saturday or Sunday play, and ₹7,500 for the special Saturday afternoon session on March 14, which will be followed by a gala evening. A concessional fee of ₹3,500 has been earmarked for non-members under the government category. Officials said the event promises not only competitive play but also an opportunity for participants to engage with Delhi's vibrant golfing community. With limited entries and growing interest, early registration is expected to ensure a full field for the much-anticipated tournament.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-------- अमर उजाला नई दिल्ली | मंगलवार | 3 मार्च 2026 --------DATED--------

# एनबीसीसी और डीडीए के बीच 775 करोड़ रुपये की पुनर्विकास परियोजना पर समझौता



एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के साथ ओल्ड राजिंदर नगर और सफदरजंग विकास क्षेत्र में स्थित डीडीए स्टाफ क्वार्टरों के पुनर्विकास के लिए दो अलग-अलग समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह डीडीए के साथ एनबीसीसी की पहली पुनर्विकास पहल है। दोनों परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत करीब 775 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1.66 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। ओल्ड राजिंदर नगर (ओआरएन) में लगभग 1 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र का विकास होगा, जिसकी लागत करीब 438 करोड़ रुपये है। सफदरजंग विकास क्षेत्र (एसडीए) में लगभग 66 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र का विकास होगा; जिसकी लागत करीब 337 करोड़ रुपये है। फिलहाल ओल्ड राजिंदर नगर में 117 और सफदरजंग विकास क्षेत्र में 152 आवासीय इकाइयाँ डीडीए स्टाफ क्वार्टर के रूप में उपयोग हो रही हैं। इन पुराने भवनों को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ दोबारा विकसित किया जाएगा।